भारतीय भाषा ज्योति - सिंधी

सिंधी भाषा पुस्तक
(हिंदी माध्यम)

Sindhi Language Book
(Hindi Medium)

संपादन:
सतीश रोहरा
बी. श्यामला कुमारी

सामग्री निर्माण:
पुष्पा बूलचंदाणी
जानकी ज़ेठवाणी
प्रीतम वरयाणी

Editing:
Satish Rohra
B. Syamala Kumari

Material Prepared by:
Pushpa Boolchandani
Janki Jethwani
Pritam Varyani

Central Institute of Indian Languages, Mysore, India
भारतीय-भाषा संस्थान, मैसूर, भारत.
Indian Institute of Sindhology, Adipur-Gandhidham, India
भारती सिंधु विद्यापीठ, आदिपुर-गांधीधाम, भारत.

Sindhi Language Book

Editing :

SATISH ROHRA
B. SYAMALA KUMARI

Material Prepared By :

PUSHPA BOOLCHANDANI
JANKI JETHWANI
PRITAM VARYANI

CENTRAL INSTITUTE OF INDIAN LANGUAGES

(Ministry of Human Resource Development, Department of Education, Govt. of India)

Manasagangotri, Mysore - 570 006, India

INDIAN INSTITUTE OF SINDHOLOGY

Adipur - Gandhidham (Kutch) - 370 205, India

सिंधी भाषा पुस्तक

संपादन :

सतीश रोहरा
बी. श्यामलाकुमारी

सामग्री निर्माण

पुष्पा बूलचंदाणी
जानकी जठवाणी
प्रीतम वरयाणी

सत्यमेव जयते

भारतीय भाषा संस्थान

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शिक्षा विभाग, भारत सरकार)

मानसगंगोत्री, मैसूर – 570 006, भारत

भारती सिंधु विद्यापीठ

आदिपुर – गांधीधाम (कच्छ) . 370 205

Sindhi Language Book

Editing
-SATISH ROHRA
-B. SYAMALAKUMARI

Material Prepared by
- PUSHPA BOOLCHANDANI
- JANKI JETHWANI
- PRITAM VARYANI

Published by :

PROF. UDAY NARAYANA SINGH & **SHRI LAKHMI KHILANI**

Director, Central Institute of Indian Languages

Director, Indian Institute of Sindhology, Adipur

For Copies Contact :

Central Institute of Indian Languages
Manasagangotri P. O. Hunsur Road,
Mysore - 570 006. (India)
e-mail :bhasha@sancharnet.in
Phone : 0091/0821 - 515820 (Director)
Fax : 0091/0821 - 515032

Indian Institute of Sindhology
P.O.BOX 10, Adipur, Kutch - 370 205 India
e-mail : sindlogy@yahoo.com
Tel No. : (02836) 263851, 261569
Fax No. : (02836) 260336

@Central Institute of Indian Languages, Mysore

First Published : June 2006

Price : Rs. 200/-

Printed by :
SHREE SAINATH OFFSET, Plot No. 127 1/A, Gandhidham - 370 201 (Kutch), India
Tel. : 223600, 236809 (R) 230945, 220707

पृष्ठ	विषय सूची	फहिरसत	فهرست	पाठ
1	मेहमान	मिज़मानु	مِزمانُ	1
16	मैसूर का दौरा	मैसूर जो दौरो	مَيسوُر جو دَورو	2
34	बाजा़र जाना	बज़ारि वञण	بَزارِ وَڃَڻُ	3
45	पुस्तकों की दुकान पर	किताबनि जी दुकान ते	ڪِتابَنِ جي دُڪان تي	4
57	बातों बातों में	ॻाल्हि ॻाल्हि में	ڳالِھہ ڳالِھہ ۾	5
69	नौकरी की तलाश	नौकरीअ जी तलाश	نَوڪرِيءَ جي تَلاش	6
74	परीक्षण 1 (भाग 1)	परख 1 (भाङो 1)	پَرک ١ (ڀاڱو ١)	
82	(भाग 2)	(भाङो 2)	(ڀاڱو ٢)	
89	दिल्ली में व्यापार मेला	दहलीअ में वापार मेलो	دَهليِءَ ۾ واپار ميلو	7
101	स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम	इस्कूल में तहज़ीबी प्रोग्रामु	اِسڪوُل ۾ تَهذيبِي پروگرامُ	8
113	आज कल की शिक्षा	अजु कल्ह जी पढ़ाई	اَڄُ ڪَلھہ جي پَڙهائيِ	9
126	घर की चिंता	घर जी चिंता	گهر جي چِنتا	10
137	किराए पर मकान	मसवाड़ ते जाइ	مَسواڙ تي جاءِ	11
148	संतु कंवररामु	संतु कंवररामु	سَنتُ ڪَنوررامُ	12
155	परिक्षण 2 (भाग 1)	परख 2 (भाङो 1)	پَرک ٢ (ڀاڱو ١)	
163	(भाग 2)	(भाङो 2)	(ڀاڱو ٢)	
171	प्रर्दशनी	निमाइश	نِمائِش	13
184	महंगाई	महांगाई	مَهانگائيِ	14
196	विचारों की लेनदेन	वीचारनि जी डे वठि	ويچارن جِي ڏي وَٺُ	15
208	हैदराबाद की यात्रा	हैदराबाद जो सफर	حَيدراباد جو سَفَرُ	16

पृष्ठ	विषय सूची	फहिरसत	فهرست	पाठ
221	मामोई सनयासीयों के पद	मामोई फ़क़ीरनि जा बैत	ماموئِي فَقِيرنِ جا بَيت	17
235	जागृति	सुजा<u>गी</u>	سُجاڳِي	18
242	परिक्षण 3 (भाग 1)	परख 3 (भाङो 1)	پَرک ٣ (ڀاڱو ١)	
250	(भाग 2)	(भाङो 2)	(ڀاڱو ٢)	
256	फिल्म का कार्यक्रम	फ़िल्म जो प्रोग्राम	فِلم جو پروگرام	19
271	दो सखियों में वार्तालाप	<u>बि</u>नि साहेड़युनि जी गुफतगु	ٻِنِ ساهيڙيُنِ جِي گُفتگوُ	20
285	राष्ट्रीय एकता	क़ौमी एको	قَومِي ايڪو	21
297	बहन का विवाह	भेण जी शादी	ڀيڻ جِي شادِي	22
308	वन अधिकारी	<u>ब</u>लाई अमलदार	ٻيلائِي عملدار	23
321	चेटीचंड (सिंधी नववर्ष)	चेटीचं<u>ड</u>ु	چيٽِي چَنڊُ	24
337	मुखिया से साक्षात्कार	मुखीअ सां मुलाकात	مُکِيءَ سان مُلاقاتَ	25
343	परिक्षण 4 (भाग 1)	परख 4 (भाङो 1)	پَرک ۴ (ڀاڱو ١)	
350	(भाग 2)	(भाङो 2)	(ڀاڱو ٢)	

समर्पित

पुष्पा बूलचंदाणी को, जिसकी इस पुस्तक के सामग्री निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका रही है और जिसका बहुत कम आयु में ही अकस्मात देहांत हो गया।

(जन्म 4 मई 1963 – देहांत 22 अप्रेल 2004)

प्राक्कथन

सदियों से भारत में बहुभाषिकता का प्रचलन रहा है–यह बात अब सर्वजनविदित है। वाणिज्य और अर्थ–व्यवस्था की दृष्टि से जो देश आगे बढ़ गये हैं ऐसे देशों के निवासियों के लिए भारत की बहुभाषिकता अभी भी पहले जैसी ही है। उनके देशों में अनेक नस्ल के लोग अपने गीत–संगीत, खाना–ख़ज़ाना, वेश–आभूषण तथा रहन–सहन को लेकर आते रहे हैं, पर कुछ ही समय में उनका अपनत्व विलीन हो जाता है। अतः उनके लिए भारत में एक साथ अनेक भाषाओं का इस क़दर सदियों से कथित, पठित, प्रस्फुटित रह पाना एक अजीबो–ग़रीब मिसाल जैसा है जिसकी व्याख्या दे पाना मुश्किल काम है। पर किसी भारतीय की रोज़मर्रे की ज़िंदगी की ओर अगर हम ग़ौर करें तो यह देखेंगे कि वह एक ही साथ प्रतिदिन अलग अलग काम में, पृथक् पृथक् परिस्थितियों में, भिन्न भिन्न भाषा का प्रयोग करता है। अगर हम देखते हैं कि कोई चाय के बगीचे में मज़दूरों के साथ बिहारी बोलियों में, उनके संचालकों के साथ असमिया में, दफ़्तर में अंग्रेज़ी में और मनोरंजन के लिए फिल्म तथा टी. वी में हिंदी का व्यवहार करता है और घर में अपने लोगा के साथ बंगला में बात करता है तो हमें ऐसी स्थिति में कोई अस्वाभाविकता नज़र नहीं आती है। यहां न केवल व्यक्ति बहुभाषी है, भाषिक स्थितियों में भी बहुभाषिकता ग्रथित है। वह तभी संभव हो सकता है जब किसी मुल्क में भाषाएं जोड़ने का काम करती हैं, तोड़ने का नहीं। लोग अक्सर यह भूल जाते हैं कि भारत में आए, बसे और जन्मे हज़ारों क्षेत्र के लोगों के लिए उनकी भाषाएं ही वह साधन रही हैं जो एक दूसरे को आपस में जोड़ती रही हैं।

भारतीय भाषा संस्थान इसी भाषिक संयोग को, आदान–प्रदान को बर्क़रार रखने में और इसमें और इज़ाफा करने के काम में अपने को समर्पित करता आया है! आधुनिक भारतीय भाषाओं के शिक्षण–प्रशिक्षण का क्षेत्र इस संस्थान के लिए सब से महत्वपूर्ण क्षेत्र रहा है। यहां से प्रकाशित पांच सौ पचास के क़रीब किताबों में से आधी से ज़्यादा भाषा–शिक्षण के क्षेत्र में ही हो रही हैं।

जैसा कि भारतीय भाषा के अध्ययन–अध्यापन से जुड़े लोगों को पता ही है, 1969 में स्थापित होने के बाद से भारतीय भाषा संस्थान का मुख्य उदेश्य रहा है सभी भारतीय भाषाओं का विकास करना एवं उनमें आवश्यकतानुसार पाठ्य–सामग्री तैयार करना। इस उदेश्य की पूर्ति के लिए मुख्य भारतीय भाषाओं के अलावा बहुत

सी जनजातीय भाषाओं पर भी शोध हो रहा है और उनमें पाठ्य–सामग्री तैयार की जा रही है। इसके अतिरिक्त त्रिभाषा सूत्र के अंतर्गत भारतीय भाषा संस्थान के मैसूर, पुणे, भुवनेश्वर, पाटियाला, सोलन, लखनउ एवं गुवाहाटी में स्थित क्षेत्रीय भाषा केंद्रों के माध्यम से प्रति वर्ष जुलाई से अप्रेल तक भारत के विभिन्न राज्यों के अध्यापकों को उनकी इच्छानुसार अथवा संबंधित राज्य की भाषा प्रणाली के अंतर्गत वांछित भाषाओ में दस मास का गहन प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण के उपरांत ये अध्यापक सीखी गई भाषा को संबंधित राज्यों के विद्यालयों में पाठ्यक्रम के अंतर्गत अथवा ऐच्छिक विषय के रूप में पढ़ाते हैं।

पर अब तक द्वितीय भाषा शिक्षण की जितनी अच्छी किताबें आती रही हैं – ख़ास तौर पर भारतीय भाषाओं के सीखने–सिखाने की किताबें – वे सभी अंग्रेज़ी के माध्यम से ही रची–बनी छपी–छपाई गयी हैं। उनके रचयिता और प्रकाशक शायद सोचते हैं कि अंग्रेज़ी के माध्यम को अपनाने से द्वितीय भाषा शिक्षण और विदेशी भाषा शिक्षण दोनों के लिए उनकी किताबें प्रयोग में आ सकती हैं। सोचा होगा कि इस तरह से ऐसी किताबें बाज़ार में खरी उतरेंगी। लेकिन दक्षिण एशियाई देशों म बसे और यहां के किसी न किसी भाषा को मातृभाषा के रूप में बोलने वालों के लिए किसी भारतीय भाषा को सीखना और इसके दायरे के बाहर के लोगों के लिए हमारी भाषाओं पर अधिकार प्राप्त करना दो बिलकुल अलग शिक्षण प्रक्रियाएं हैं। अतः इन दोनों लक्ष्य–गोष्ठियों के लिए दो अलग तरह की सामग्री की आवश्यकता है। एक और कदम आगे जा कर अपने लंबे तजुर्बे से मैं यह भी कह सकता हूं कि अगर किसी भारतीय को एक अन्य भारतीय भाषा सीखनी–सिखानी है तो वह काम एक भारतीय भाषा के ज़रिये ही अच्छी तरह किया जा सकता है। उस लिहाज़ से माध्यम भाषा के रुप में हिंदी का नाम आना स्वाभाविक है, कारण, इसको मातृ–भाषा तथा अन्य–भाषा के रूप में बोलने–जाननेवाले भारतीय लोगों की संख्या इतनी बड़ी है कि भारतीय संदर्भ में हिंदी के माध्यम से अन्य अनुसूचित भाषाओं को सिखाने की वैज्ञानिक ढंग से प्रस्तुत सामग्री अब तक क्यों नहीं आयी थी, यही एक आश्चर्य–जनक बात है। इस कमी की आपूर्ति के लिए और इन ज़रुरतों को देखते हुए भारतीय भाषा संस्थान ने '**भारतीय भाषा ज्योति**' की एक पुस्तक–श्रृंखला की संकल्पना की है। यह पुस्तक उस श्रृंखला की एक कड़ी है।

त्रिभाषा सूत्र के अंतर्गत हिंदी भाषी राज्यों में अन्य भारतीय भाषाओं का तीसरी भाषा के रूप में प्रचलन तो अवश्य हुआ है परंतु भाषा अध्यापकों एवं पुस्तकों की कमी होने के कारण वांछित सफलता नहीं मिल पाई। अन्य भारतीय भाषाओं एवं विशेष रूप से दक्षिण भारतीय भाषाओं के अध्ययन एवं अध्यापन हेतु उतर प्रदेश की राज्य सरकार एवं कुछ स्वायत संस्थाओं ने एक अभियान कुछ वर्ष पहले प्रारंभ किया था। चयनित भाषाओं की वांछित पुस्तक एवं भाषा अध्यापकों के विशिष्ट प्रशिक्षण एवं नियुक्ति हेतु राज्य सरकार ने भारतीय भाषा संस्थान का सहयोग आवश्यक समझा। इसी सहयोग की कड़ी में उतर प्रदेश की राज्य सरकार के अनुरोध पर भारतीय भाषा संस्थान ने राज्य के भाषा विभाग के साथ मिलकर असमिया, बंगला, ओड़िया, मराठी, गुजराती, सिंधी, कश्मीरी, पंजाबी, कन्नड़, मलयाळम, तमिल एवं तेलुगु भाषाओं की पाठयसामग्री के निर्माण हेतु कार्यशालाएं आयोजित कीं। इन कार्यशालाओं के माध्यम से इन सभी भाषाओं की पाठय पुस्तकें तैयार की गई थी। ये पुस्तकें '**भारतीय भाषा ज्योति**' पुस्तक–श्रृंखला के अंतर्गत आ रही हैं। हरिद्वार के ब्रह्मवर्चस शोध संस्थान के अनुरोध पर उन के ही सहयोग में कन्नड़, मलयाळम, तमिल, तथा तेलुगु पुस्तकों का मुद्रण तथा प्रकाशन हुआ है। इतिमध्य जम्मू के डोग्री संस्था की प्रार्थना के अनुसार उन के सहयोग में डोग्री पुस्तक का निर्माण तथा प्रकाशन भी हुआ है और कश्मीर से बाहर रहने वाले कश्मीरिओं के अनुरोध पर कश्मीरी पुस्तक का प्रकाशन हमारे संस्थान ने किया है। बाकी छह पुस्तकों असमियां, बंगला, मराठी, गुजराती, पंजाबी तथा ओड़िया का प्रकाशन अब हो रहा है। 'भारतीय भाषा ज्योति–सिंधी' पुस्तक का प्रकाशन गुजरात के कच्छ के इंडियन इन्स्टीटयूट आफ सिंधालाजी के साथ संस्थान ने किया है।

मैं आशा करता हूं कि भारतीय भाषा ज्योति श्रृंखला की यह **सिंधी** पुस्तक समस्त हिंदी भाषा–भाषियों के लिए उपयोगी होगी। इसके माध्यम से वे न केवल संबंधित भाषा के अध्ययन में रुचि का परिचय देंगे, अपितु उसके प्रचार एवं प्रसार में भी अपना अमूल्य योगदान देंगे।

उदय नारायण सिंह

निदेशक, भारतीय भाषा संस्थान

हमारी ओर से –

इंडियन इन्स्टीटयूट आफ सिंधालाजी की स्थापना 1989 में हुई थी। सिंधालाजी का मुख्य उदेश्य सिंधु संस्कृति का संरक्षण एवं प्रसार करना है। सिंधी भाषा, साहित्य, शिक्षा, संस्कृति से संबंधित सिंधालाजी की प्रवृतियां हैं –

- सिंधी भाषा की वृद्धि के लिये शिक्षकों को ट्रेनिंग देना, सामग्री निर्माण करना, और सिंधी भाषा सिखाने के लिए कक्षाएं चलाना।
- संगीत, नृत्य और नाटक के द्वारा नई पीढ़ी को उत्साहित करना और उसे सिंधी संस्कृति के प्रति आकर्षित करना।
- विभिन्न विषयों से संबंधित वर्कशाप, और सेमीनारों आदि का आयोजन करना।
- श्रेष्ठ सिंधी साहित्य का अंग्रेज़ी और अन्य भाषाओ में अनुवाद कराना तथा उसका भारत और विदेशों में प्रचार और प्रसार करना।

इंडियन इन्स्टीटयूट आफ सिंधालाजी एक रजिस्टरड ट्रस्ट है। सिंधालाजी के द्वारा ही 'साधू हीरानन्द नवलराइ अकादमी' नामक हायर सेकंडरी स्कूल चलाया जाता है; जिसमें सिंधी छात्रों को सिंधी एक विषय के रुप में पढ़ाया जाता है। सिंधालाजी का एक उदेश्य यह भी है स्कूल के माध्यम से नई पीढ़ी में अपनी भाषा एवं संस्कृति के प्रति प्रेम पैदा हो तथा वे अच्छे नागरिक बनें।

आज अंग्रेज़ी के द्वारा शिक्षा प्राप्त करने का महत्व बढ़ा है, और सिंधी भाषा सीखने की हर जगह सुविधा भी नहीं हैं इसलिए सिंधी अब घरों से भी गुम होती जा रही है। ऐसे में सिंधी के विकास तथा प्रचार की आवश्यकता है। जिसके लिए इंडियन इन्स्टीटयूट आफ सिंधालाजी और भारतीय भाषा संस्थान मैसूर के द्वारा कई सम्मिलित प्रयत्न किये जा रहे हैं। पत्राचार द्वारा सिंधी लिपि सीखने के लिए 'सिंधी लिपी पुस्तक' पहले ही तैयार की गई है; जो कि पत्राचार पाठ्यक्रम का प्रथम भाग है।

भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर की ही सहायता से यह 'सिंधी भाषा पुस्तक' तैयार की गई है। यह पत्राचार पाठ्यक्रम का द्वितीय भाग है। जिसके द्वारा सिंधी भाषा सीखने के इच्छुक व्यक्ति घर बैठे ही सिंधी सीख सकते हैं। हम भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर, विशेषकर उनके निदेशक प्रो. उदय नारायण सिंह के आभारी हैं जो सिंधी भाषा के विकास से संबंधित प्रत्येक प्रवृति में सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

लखमी खिलाणी

निदेशक

इंडियन इन्स्टीटयूट आफ सिंधालाजी

23 सितम्बर 2006

सिंधी भाषा पुस्तक

यह पुस्तक 'पत्राचार' द्वारा सिंधी भाषा सिखाने की दूसरी पुस्तक है। इस विषय की पहली पुस्तक 'सिंधी लिपि पुस्तक' के नाम से पहले ही प्रकाशित हो चुकी है; यह 'सिंधी भाषा पुस्तक' उसका दूसरा भाग है।

यह सर्वविदित है कि देश की स्वतंत्रता के साथ ही देश का विभाजन भी हुआ, जिसके फलस्वरुप 13–14 लाख सिंधी हिंदू सिंध छोड़ कर भारत में आ गये क्योंकि सिंध का पूरा प्रदेश पाकिस्तान का भाग बन गया था। भारत में आये हुए सिंधी समस्त भारत के विभिन्न प्रदेशों में बस गये। भारत में ऐसे अनेक स्थान हैं जहां सिंधी भाषा पढ़ाने–सिखाने की कोई व्यवस्था नहीं है। इस पाठ्यक्रम के द्वारा कहीं भी रहने वाला व्यक्ति हिंदी के माध्यम से सिंधी भाषा लिखना–पढ़ना सीख सकता है। यहां यह बताना आवश्यक है कि भारत में जन्मा हरेक सिन्धी, हिंदी भाषा जानता है। एक तरह से हिंदी भाषा प्रत्येक सिंधी भाषी की द्वितीय भाषा है।

इस पाठ्यक्रम के लिए तैयार की गयी सामग्री भाषा सीखने की वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित है जिस में भाषा की चारों प्रवृतियों – समझना, बोलना, पढ़ना, लिखना के शिक्षण की व्यवस्था है। प्रत्येक पाठ के बाद उतर देने के लिए 'उतर पत्रिका' है और छह पाठों के पश्चात 'परीक्षण' का पाठ है। पुस्तक में कुल 25 पाठ एवं एक अंतिम परीक्षा का पाठ है। छात्र द्वारा दिये गये प्रत्येक उतर पत्रिका को जांचकर उसे उन गलतियों एवं त्रुटियों को सूचित किया जाएगा जो उसने की हैं ताकि प्रत्येक पाठ के बाद सुधार होता रहे।

यह पाठ्यक्रम 10 माह का है। योजना के अनुसार 8 महीनों में पाठयक्रम पूरा कर शेष दो महीनों में पाठ्यक्रम की पुनरावृति एवं परीक्षा की व्यवस्था होगी। इस पुस्तक की सामग्री का निर्माण कु. पुष्पा बूलचंदाणी, जानकी ज़ठवाणी एवं श्री प्रीतम वरयाणी ने बड़ी लगन एवं परिश्रम ये किया है; जिसके लिए वे सब बधाई के पात्र हैं। पुस्तक को छपने योग्य बनाने के लिए कु. रजनी वलेचा एवं श्री रोशन गोपलाणी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पुस्तक का सुंदर कवर श्री कमल किश्मी का तैयार किया हुआ है तथा छपाई की सुंदर व्यवस्था साईंनाथ प्रेस के मालिक श्री चंद्र अबीचंदाणी ने की है। वे भी बधाई के पात्र हैं।

हम आशा करते हैं कि यह पाठयक्रम सिंधी सीखने वाले सिंधी अथवा अन्य भाषियों के लिए घर बैठे सिंधी सीखने में उपयोगी होगा।

संपादन
सतीश रोहरा
बी. श्यामला कुमारी

आदिपुर–गांधीधाम 23 सितम्बर 2006

सिंध एवं सिंधी

सिंध–भौगोलिक स्थिति :

सिंध भारत–पाक उपखंड के उतर–पश्चिम में स्थिति है। इस के उतर में पंजाब, पश्चिम में हालार पर्वतमाला एवं बलूचिस्तान हैं। सिंध के पूर्व में राजस्थान और उसके दक्षिण में कच्छ का रेगिस्तान एवं अरब सागर है।

प्राचीन काल में सिंध प्रदेश काफ़ी बड़ा था। उसकी सीमा उतर में कश्मीर, कंधार एवं कनौज तक थीं और दक्षिण में उसकी सीमा सौराष्ट्र एवं काठयावड़ से जाकर मिलती थी। उस समय इस प्रदेश को सिंधु–सौवीर अथवा सप्त सिंधु के नाम से पुकारा जाता था क्योंकि यहां से सात नदियां – सिंधु, सरस्वती, (एवं पंजाब की पांच नदियां) झेलम, चनाब, रावी, बियास, एवं सतलज बहती थीं।

आज कल सिंध का संपूर्ण प्रदेश पाकिस्तान का भाग है।

ऐतिहासिक पृष्ठिभूमि :

सिंधु नदी के आस–पास अर्थात सिंधु घाटी में बसा हुआ प्रदेश 'सिंध' या 'सिंधु' कहलाता है। इस प्रदेश में रहनेवाले लोग 'सिंधी' कहलाते हैं। सिंधी लोगों अर्थात सिंधी जाति की भाषा को भी 'सिंधी' कहा जाता है।

सिंधु घाटी की प्राचीन सभ्यता पांच हज़ार वर्षों से भी अधिक पुरानी है। इस सभ्यता के अवशेष सिंध में 'लाड़काणा' ज़िले में स्थित 'डोकरी' नगर के पास 'मोहन जो दड़ो' की खुदाई से प्राप्त हुए हैं। यह सभ्यता विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में से एक है। यह अत्यंत विकसित सभ्यता है जिसके प्रमाण वहां के चौड़े रास्तों, खुले हवादार घरों, सफाई की सुव्यवस्था, जन–स्नान घर, आदि से प्राप्त होते हैं। 'मोहन जो दड़ो' से प्राप्त गहनों एवं खिलौनों से यह ज्ञात होता है कि उस समय के लोग सुख–शांति से आनंदमय जीवन बिताते थे। खुदाई से प्राप्त सैकड़ों मुहरों से यह पता भी चलता है कि उस समय के लोग लिपि ज्ञान से परिचित थे किन्तु इन मुहरों में चित्रित लिपि चिह्नों को निश्चित रुप से प्रामाणिकता पूर्वक अभी तक पूरी तरह से पढ़ना संभव नहीं हो पाया है। इतिहासकारों एवं भाषाविदों में अभी तक इस बात पर मतभेद है कि उस समय की सभ्यता आर्य सभ्यता थी या कोई और सभ्यता थी। इस मतभेद का मुख्य कारण आर्यों के आगमन को लेकर है। कुछ विद्वान मानते हैं कि आर्य बाहर से भारत में आये थे, जब कि नवीन खोजों और

अन्य प्रमाणों से यह धारणा बल पकड़ रही है कि आर्य वास्तव में यहां के मूल निवासी थे; वे बाहर से आये हुए आक्रमणकारी नहीं थे। इसीलिए 'मोहन जो दड़ो' से प्राप्त सिंधु घाटी की सभ्यता, आर्य सभ्यता है और वहां से प्राप्त मुहरों पर खुदे हुए लिपि चिह्न किसी प्राचीन आर्य लिपि को इंगित करते हैं।

यह पहले ही बताया जा चुका है कि 'मोहन जो दड़ो' की सभ्यता पांच हज़ार साल से भी ज़्यादा पुरानी है किंतु 'मोहन जो दड़ो' के समय से लेकर ईसा की 5–6 शताब्दी तक का इतिहास उपलब्ध नहीं है। इसका मुख्य कारण यह है कि सिंध भारत का ऐसा प्रदेश है जहां विदेशी आक्रमणकारियों ने सबसे पहले अपना शासन स्थापित किया था। 712 ईसवी में मुहमद बिन क़ासिम ने सिंध पर आक्रमण किया। उस समय सिंध में हिंदू राजा दाहिर का राज्य था। मुहमद बिन क़ासिम ने राजा दाहिर को हराकर सिंध पर अपना आधिपत्य स्थापित किया। दाहिर ने युद्ध में वीरगति प्राप्त की। दाहिर की मृत्यु के पश्चात उसकी रानी 'बाघी' (बाघ का स्त्रीलिंग अर्थात शेरनी) तथा राज घराने की अन्य स्त्रियों ने अपनी लाज की रक्षा हेतु अग्नि प्रवेश किया। वास्तव में यह भारतीय इतिहास में 'जौहर' की संभवतः सर्वप्रथम घटना है।

सिंध पर आधिपत्य स्थापित करने के पश्चात आक्रमणकारियों ने सिंध के सम्पूर्ण वाङमय को नष्ट कर दिया तथा आगे भी उसे पनपने नहीं दिया। इसलिए सिंध का प्राचीन इतिहास तथा प्राचीन सिंधी साहित्य अभी तक अंधकार के गर्भ में लुप्त है। विदेशी यात्रियों द्वारा सिंध पर लिखी गयी इतिहास संबंधी पुस्तकों के विवरणों, संस्कृत, पालि, प्राकृत साहित्य में सिंध संबंधी उपलब्ध संदर्भों से इतिहास की कुछ झलक मिल जाती है। उदाहरणार्थ रामायण में वर्णित कैकयी, उस समय सिंध प्रदेश के ही एक भाग कैकय के राजा की पुत्री थी। इस प्रकार कौरवों के साथ मिलकर महाभारत में युद्ध करनेवाला जयद्रथ उस समय सिंध का राजा था; किन्तु सिंध का क्रमबद्ध इतिहास ईसा की 5–6 शताब्दी के बाद, विशेषकर 712 में मुहमद बिन क़ासिम द्वारा सिंध पर आधिपत्य जमाने के बाद मिलता है। 712 से 1843 तक सिंध में प्रायः मुसलमानों का राज्य रहा। पहले बाहर के आक्रमणकारियों का और बाद में सिंध के ही (हिंदुओं में से मुसलमान बने) मुसलमानों का। 1843 में सिंध पर मीरों (जिन्हें टालपुर भी कहते थे) का शासन था जिन्हें हराकर अंग्रेज़ों ने सिंध में अपना शासन स्थापित किया। 1843 से 1947 तक सिंध में अंग्रेज़ों का

शासन रहा और 1947 में जब पूरा देश स्वतंत्र हुआ तो सिंध भी स्वतंत्र हो गया किन्तु मुसलमानों की संख्या ज़्यादा होने के कारण पूरा सिंध प्रदेश पाकिस्तान का भाग बन गया और जिसके फलस्वरुप 13–14 लाख सिंधी हिंदू सिंध छोड़कर भारत आ गये और सारे भारत के विभिन्न भागों के अलावा कई देशों में भी जाकर बस गये।

सिंधी भाषा – मूल स्रोत

भारत के संविधान में जिन भाषाओं को राष्ट्र की भाषाएं कहा गया है, उन भाषाओं में सिंधी भाषा भी है।

सिंधी भाषा की उत्पति के संबंध में निश्चिय पूर्वक कहना कठिन है। सिंधु घाटी का प्राचीन अवशेष 'मोहन जो दड़ो' है जो लगभग पांच हज़ार वर्ष पुराना है। इस दृष्टि से देखा जाए तो सिंधु सभ्यता के समान सिंधी भाषा भी अति प्राचीन है किन्तु अभी तक यह बात निर्विवाद रुप से स्पष्ट नहीं हो पायी है कि आज से पांच हज़ार वर्ष पूर्व सिंधु घाटी में कौन सी भाषा बोली जाती थी ? वह भाषा आर्य परिवार की भाषा थी या किसी अन्य परिवार की ? आधुनिक सिंधी भाषा अपनी संरचनात्मक प्रकृति एवं शब्द –भंडार की दृष्टि से निःसंदेह आर्य परिवार की भाषा है। यदि आधुनिक सिंधी भाषा का संबंध आज से पांच हज़ार वर्ष पूर्व की सिंधु घाटी की भाषा से जुड़ता है तो फिर वह प्राचीन भाषा भी आर्य परिवार की भाषा होनी चाहिए और सिंधु घाटी की संस्कृति को भी आर्य संस्कृति मानना चाहिए।

सिंधी भाषा के संबंध में एक बात और भी विचारणीय है। आधुनिक सिंधी भाषा की ऐसी कई विशेषताएं हैं जो अन्य आधुनिक आर्य भाषाओं में नहीं हैं। सिंधी में उपलब्ध ये विशेषताएं उसे वैदिक संस्कृत, संस्कृत तथा पालि के समकक्ष बना देती हैं। ऐसी स्थिति में आधुनिक सिंधी की उत्पति को, अन्य आधुनिक आर्य भाषाओं के समान दसवीं शताब्दी के आस – पास मानना कठिन हो जाता है; और एक प्रश्न खड़ा हो जाता है कि सिंधी भाषा वैदिक संस्कृत अथवा पालि की सहोदरा तो नहीं है ? सामान्य रुप से, अन्य आधुनिक आर्य भाषाओं के समान सिंधी की उत्पति भी दसवीं शताब्दी के आस – पास मानी जाती है और इसका स्रोत, ब्राचड़ अपभ्रंष को माना जाता है।

सिंधु घाटी से प्राप्त मुद्राओं पर अंकित चिह्न (लिपि चिह्न) को पढ़ने तथा उन्हें समझने का प्रयास अनेक विद्वानों ने किया है किन्तु अभी भी यह निःसंदेह रुप से सिद्ध नहीं हो पाया है कि उन मुद्राओं पर अंकित चिह्न किस लिपि के हैं तथा किस परिवार की भाषा को इंगित करते हैं। सिंधी के प्रसिद्ध विद्वान श्री किशनचंद जेटली ने उन

मुद्राओं को पढ़ने का दावा किया है तथा यह भी दावा किया है कि ये लिपि चिह्न प्राचीन ब्राह्मी लिपि के सूचक हैं।

सिंधी भाषा की विशेषताएं

यह पहले ही बताया जा चुका है कि सिंधी भाषा अपनी प्रकृति में ऐसी अनेक विशेषताएं रखती है जो दूसरी आधुनिक आर्य भाषाओं में उपलब्ध नहीं हैं। उदाहरणार्थ सिंधी भाषा में, भारत की अन्य किसी भी भाषा से ज़्यादा व्यंजन ध्वनियां है। सिंधी में चार अन्तः विस्फोटक व्यंजन (ब़, ड़, ग़, ज़) ध्वनियां हैं जो भारत की किसी भी भाषा में नहीं हैं। वास्तव में विश्व में भी ऐसी भाषा मुश्किल से मिलेगी जिसमें अन्तः विस्फोटक व्यंजन ध्वनियां उपलब्ध हों। सिंधी में पांचों नासिक्य ध्वनियां (म, न, ण, ञ, ङ) स्वनिम (महत्वपूर्ण) हैं जबकि हिन्दी तथा अन्य कई भारतीय भाषाओं में ञ, ङ ध्वनियों या तो हैं ही नहीं या उनकी स्वनिमिक स्थिति संदेहजनक हो गयी है। सिंधी में अरबी फ़ारसी की व्यंजन ध्वनियों फ़, ख़, ग़, ज़, भी महत्वपूर्ण हैं।

सिंधी संस्कृत के ही समान स्वरांत भाषा है। अर्थात सिंधी शब्द प्रायः स्वर में अंत करते हैं, व्यंजन में नहीं। उदाहरणार्थ हिन्दी में लिखा हुआ 'सुभाष चंद्र बोस' यंदि सिंधी में लिखा जाए तो उसका रुप 'सुभाषु चंद्रु बोसु' होगा।

सिंधी में शब्द के लिंग, वचन, एवं कारक की पहचान शब्द के अंतिम स्वर के आधार पर होती है।

सिंधी में सार्वनामिक संरचना संभव है। इस संरचना में क्रिया में सर्वनाम सूचक परसर्ग जोड़कर क्रिया रुप बनाया जाता है। उदाहरणार्थ 'मूं खाधो = मैंने खाया, के स्थान पर 'मूं' सर्वनाम का सूचक परसर्ग '–मि' 'खाधो' क्रिया में जोड़कर 'खाधुमि' क्रिया रुप बनाया जा सकता है जिसका वही अर्थ है 'मैने खाया'। कुछ संज्ञा शब्दों से भी ऐसी सार्वनामिक संरचनाएं बनायी जा सकती हैं।

इसी प्रकार सिंधी में वक्ता समावेशी क्रिया रुप बनाने की भी व्यवस्था है। उदाहरणार्थ 'हलणु' = चलना। क्रिया का एक रुप है 'हलिबो' इसका अर्थ है 'मैं/हम तथा तुम/आप (दूसरे भी) मिलकर चलेंगे'। यह संरचना किसी अन्य काल सूचक संरचना के समान नहीं है।

ऊपर सिंधी भाषा की थोड़ी सी विशेषताओं का उल्लेख किया गया है। यों सिंधी भाषा की ऐसी अनेक विशेषताएं हैं जो अन्य आधुनिक आर्य भाषाओं में दिखायी नहीं पड़ती।

शब्द भंडार की दृष्टि से देखा जाए तो सिंधी भाषा

का शब्द भंडार बड़ा ही विस्तृत है। इसका मुख्य कारण सिंधी के पास संस्कृत एवं अरबी–फ़ारसी भाषाओं की शब्दावली का होना है। सिंधी को 'स्रोत शब्दावली' के रुप में संस्कृत की शब्दावली प्राप्त हुई है और 'आगत शब्दावली' के रुप में उसे अरबी–फ़ारसी के अनेक शब्द प्राप्त हुए हैं। इसका मुख्य कारण आठवीं शताब्दी के आरंभ में सिंध में मुसलमानों के शासन का स्थापित होना है। अरबी–फ़ारसी के शब्दों की अधिकता के कारण ही सिंधी में, अरबी–फ़ारसी की ध्वनियों फ़, ख़, ग़, ज़ का भी प्रयोग होता है।

सिंधी भाषा की लिपि

अंग्रेज़ों ने 1943 में सिंध पर अधिकार प्राप्त किया और इस प्रकार आठवीं शताब्दी के आरंभ (712 ई.) में स्थापित मुसलमानों का शासन समाप्त हुआ। अंग्रज़ों द्वारा सिंध में शासन स्थापित करने से पूर्व सिंध में अनेक लिपियों का प्रचलन था। स्त्रियां प्रायः गुरुमुखी लिपि सीखती थीं। ब्राहमण परिवारों में देवनागरी लिपि का प्रचलन था। व्यापारी वर्ग एक अन्य लिपि का प्रयोग करता था जिसे 'हट वाणिकी' लिपि (हाट और वणिकों की लिपि) कहते थे। यह लिपि महाराष्ट्र में प्रचलित 'मोड़ी' लिपि तथा कश्मीर में प्रचलित 'शारदा' लिपि से मिलती – जुलती थी। सरकारी काम–काज में फ़ारसी भाषा का इस्तेमाल होता था जो अरबी लिपि पर आधारित लिपि में लिखी जाती थी और सामान्य व्यवहार में (विशेषकर मुसलमानों में) अरबी आधारित एक काम चलाउ सिंधी लिपि का चलन था।

अंग्रेज़ों ने सिंध पर अधिकार प्रांप्त करने के पश्चात इस स्थिति को देखा और अनुभव किया कि सिंध का यह बहुलिपि समाज उनके शासन की एकरुपता के लिए उपयोगी नहीं होगा। उन्होंने शिक्षाविदों एवं विशिष्ट विद्वानों की एक समिति बनायी और उस समिति की संस्तुति के आधार पर अरबी लिपि पर आधारित नयी सिंधी लिपि का निर्माण करवाया। इसमें कोई शक नहीं कि सिंधी भाषा के लिए अरबी लिपि पर आधारित सिंधी लिपि के निर्माण का निर्णय उतना शैक्षिक नहीं था जितना राजनीतिक था।

1953 में नयी सिंधी लिपि बन जाने के पश्चात भी विभिन्न वर्गों द्वारा अलग–अलग लिपियों का प्रयोग होता रहा किन्तु शिक्षा, साहित्य एवं सरकारी काम–काज में अरबी लिपि पर आधारित सिंधी लिपि का ही प्रयोग होने लगा।

भारत विभाजन के बाद लगभग तेरह लाख सिंधी हिंदू, सिंध छोड़कर भारत आ गये और भारत के विभिन्न भागों में बिखर गये। बदली हुई परिस्थिति में सिंधी भाषा

के लिए भारत में देवनागरी लिपि के इस्तेमाल की बात फिर उठी। कुछ लोगों ने इस बात का समर्थन किया किन्तु बहुत लोगों ने इसका विरोध किया। भारत सरकार ने व्यावहारिक रुप से दोनों लिपियों को मान्यता दे दी है। जहां तक शिक्षा का सवाल है, भारत के कुछ भागों में वह देवनागरी लिपि में दी जा रही है किन्तु अधिकतर स्थानों पर अरबी लिपि आधारित सिंधी लिपि का उपयोग हो रहा है। जहां तक साहित्य का संबंध है, दो–चारा पुस्तकों को छोड़कर शेष सम्पूर्ण सिंधी साहित्य सिंधी लिपि में ही प्रकाशित हो रहा है। लगभग सभी साहित्यिक पत्रिकाएं एवं दैनिक तथा साप्ताहिक पत्र सिंधी लिपि में ही प्रकाशित होते हैं।

सिंधी साहित्य का उदभव और विकास

सिंध में प्रचलित लोक काव्यों एवं लोक कथाओं से यह तो ज्ञात होता है कि सातवीं–आठवीं शताब्दी के आस–पास सिंध में साहित्य सृजन की परंपरा थी किन्तु सिंधी साहित्य की जो सबसे पहली विश्वस्त रचना प्राप्त होती है वह पंद्रहवीं शताब्दी के कवि 'काज़ी काज़न' की काव्य रचना है। पहले तो काज़ी काज़न के मात्र सात दोहे ही प्राप्त हुए थे किन्तु नवीन शोध के अनुसार काज़ी काज़न का सिंधी में लिखा हुआ दूसरा काव्य भी प्राप्त हुआ है। यों चौदहवीं शताब्दी की एक वीर रस प्रधान लोक कथा 'दोदो चनेसर' तथा पंद्रहवीं शताब्दी के 'मामोई सन्तों' की भविष्य– वाणियों का भी स्पष्ट उल्लेख मिलता है किन्तु इनकी विश्वसनीयता अभी तक संदिग्ध है। इसलिए काज़ी काज़न को ही सिंधी भाषा का प्रथम कवि मान लिया जाता है।

सिंधी साहित्य एवं उसका काल–विभाजन

पंद्रहवीं शताब्दी के मध्य से सिंधी साहित्य की अविरल धारा दिखायी पड़ती है। इस प्रकार सिंधी साहित्य का उपलब्ध इतिहास पांच–छह शताब्दियों का है।

सिंधी साहित्य के इस पांच–छह सौ वर्षों के इतिहास को ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि तथा विभिन्न प्रवृतियों के आधार पर तीन भागों या कालों में बांटा जा सकता है। पहला काल पंद्रहवीं शताब्दी से लेकर उनीसवीं शताब्दी के मध्य तक (अंग्रेज़ों के सिंध पर अधिकार प्राप्त करने तथा नयी सिंधी लिपि के निर्माण होने तक); दूसरा काल उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य से बीसवीं शताब्दी के मध्य तक (अंग्रेज़ों की सिंध विजय से लेकर भारत के विभाजन तक) और तीसरा काल बीसवीं शताब्दी के मध्य से लेकर आज तक (भारत विभाजन से लेकर आज तक)। अंतिम या तीसरे काल को फिर दो धाराओं में बांट सकते हैं। एक है भारत

में रचित सिंधी साहित्य की धारा और दूसरी है पाकिस्तान –सिंध में निर्मित सिंधी साहित्य की धारा।

आरंभिक काल (1500 से 1853 तक)

प्रवृतियों की दृष्टि से देखा जाए तो सिंधी साहित्य का आरंभिक काल एक प्रकार से सन्त साहित्य काल अथवा भक्ति काल है। इस काल के काव्य का मुख्य स्वर निर्गुण परमात्मा के प्रति प्रेम एवं आस्था का स्वर है। सिंधी साहित्य में जो भक्ति का रुप दिखायी पड़ता है वह मुख्य रुप से भारतीय चिंतन एवं सूफीमत का मिश्रित रुप है।

आरंभिक काल के पहले प्रसिद्ध कवि 'काज़ी काज़न' हैं। काज़ी काज़न के सिवाय इस काल के दूसरे प्रसिद्ध कवि शाह अब्दुल करीम (1536 ई. से 1624 ई. तक) हैं। शाह अब्दुल करीम के सिंधी में लिखे हुए लगभग एक सौ दोहे–सोरठे उपलब्ध हुए हैं। शाह अब्दुल करीम ने फ़ारसी में भी काव्य रचना की है। शाह अब्दुल करीम की कविता में निर्गुण परमात्मा की महता, प्रिय–वियोग की पीड़ा का महत्व एवं बाहय ज्ञान की व्यर्थता का वर्णन है।

शाह अब्दुल करीम के पश्चात सिंधी में तीन बड़े कवि हुए हैं, जिनके नाम हैं – 'शाह अब्दुल लतीफ', 'सचल' और 'सामी'। शाह अब्दुल लतीफ (1686–1752) सिंधी के सर्वश्रेष्ठ कवि हैं। शाह की तुलना संसार के किसी भी महान कवि से की जा सकती है। शाह के काव्य का सबसे पहला संग्रह जर्मन विद्वान अर्नेस्ट ट्रम्प ने जर्मनी से 1866 में प्रकाशित किया था। शाह के सम्पूर्ण काव्य को पाठालोचन के आधुनिक सिद्धांतों के आधार पर संशोधित संपादित कर प्रकाशित करने का श्रेय डा. गुरुबक्षाणी को है।

शाह लोक कवि हैं। उनके काव्य में सिंधु घाटी की आत्मा की धड़कन है। शाह ने सिंध में प्रचलित प्रेम लोक कथाओं ससुई–पुन्हू, सोहनी–महीवाल, मूमल–राणो, नूरी–ज़ाम तमाची आदि के माध्यम से भौतिक एवं दिव्य प्रेम का ऐसा वर्णन किया है जिसका उदाहरण विश्व साहित्य में मिलना कठिन है।

शाह का काव्य भारतीय राग–रागनियों के शीर्षकों के अन्तर्गत दोहा–सोरठा, छंदों में है। शाह की भाषा सिंध के दक्षिण भाग की भाषा है। यह सिंधी भाषा की उपभाषा है जिसे 'लाड़ी' कहा जाता है। यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि शाह विश्व के महान कवियों की पंक्ति में उंचा स्थान रखते हैं।

इस वृहद त्रयी के दूसरे महान कवि हैं 'सचल' (1739–1829), जिसे 'सचल सरमस्त' भी कहते हैं। सचल

सूफ़ी कवि हैं। वे 'अनअल हक' (मैं खुद खुदा हूं – 'अहं ब्रहमास्मि) का नारा बुलंद करते हैं और धर्म–मजहब के समस्त रीति–रिवाजों को प्रिय–मिलन के मांर्ग में बाधा समझते हैं। सचल, सत्य स्वाभिमान एवं मानसिक स्वतंत्रता के कवि हैं। सचल अपने को जीव नहीं, स्वयं ब्रह्म मानते हैं जो स्वयं अपनी लीला देखने यहां आया है। सचल कहते हैं –

पाण ड़िसण आयो पंहिंजो तमाशो
सूरत जो सुबहान, अला

(भावार्थ – वाह, वह दिव्य सौंदर्य का स्वामी अपनी लीला देखने के लिए स्वंय आया है)

इस कड़ी के तीसरे बड़े कवि हैं, 'चैनराय बचोमल सामी' (1743–1850)। वास्तव में 'सामी' उनका कवि नाम था। अपने गुरु 'स्वामी मेघराज' के प्रति आदर अभिव्यक्त करने तथा अपने को गुरु में विलीन करने के उद्देश्य से उन्होंने 'सामी' के नाम से रचना की थी। 'सामी' वैराग्य वृति के बड़े ज्ञानी व्यक्ति थे। उन्हें संस्कृत भाषा का अच्छा ज्ञान था तथा वे धर्म शास्त्रों के अच्छे ज्ञाता थे। अपनी काव्य रचना का उद्देश्य 'सामी' स्वंय बताते हैं–

वेदन जी वाणी सा सिंधीअ मंझि सुणाया

(अर्थ, वेदों की वाणी को सिंधी में सुनाउं)। कहते हैं कि सामी कागज़ के टुकड़ों पर गुरुमुखी लिपि में श्लोक लिखकर एक घड़े में डालते जाते थे, जो बाद में संग्रहित कर छपवाये गये थे। सामी ने लगभग 3500 श्लोक लिखे थे। सामी के काव्य के मुख्य विषय हैं – निर्गुण ब्रह्म की सर्वव्यापकता, गुरु की महिमा, विभिन्न विकारों से मुक्ति के लिए गुरु ज्ञान की आवश्यकता और परमात्मा को प्राप्त करने के लिए समर्पण की भावना। सामी का सम्पूर्ण काव्य श्लोकों में लिखा हुआ है। सामी की भाषा उतर सिंध की भाषा है जिसमें पर्याप्त मात्रा में संस्कृत के तत्सम–तदभव शब्द मिलते हैं।

इस युग के एक प्रसिद्ध कवि हैं 'भाई दलपतराम' (1769–1849), जो दलपत के नाम से काव्य रचना करते थे। दलपत के काव्य का मुख्य स्वर भी निर्गुण सन्त कवियों जौ ही है किन्तु उनके काव्य में सूफीमत की छटा भी दिखायी पड़ती है। दलपत ने सिंधी के अलावा फारसी और हिन्दी में भी काव्य रचना की थी। दलपत के काव्य रुप हैं – श्लोक, बैत (दोहे का एक रुप), काफ़ी आदि।

इस युग के एक अन्य प्रसिद्ध कवि हैं 'रोहल' (1734–1804)। रोहल मुसलमान थे। रोहल के काव्य में भी सूफी मत के साथ–साथ निर्गुण सन्तों की वाणी की

विशेषताएं दिखायी पड़ती हैं। रोहल ने सिंधी के अलावा हिन्दी में भी काव्य रचना की है। हिन्दी में उनके चार काव्य संग्रह हैं, जिनके नाम हैं – 'मन प्रबोध', 'अदभूत ग्रंथ', 'सर्वज्ञान' और 'अगमबाती'

इस प्रकार देखा जाए तो आरंभिक काल के इन कवियों– हिंदू अथवा मुसलमानों में भक्ति एवं सूफ़ीमत का अनोखा संगम दिखायी पड़ता है।

विषय अथवा भाषा शैली की दृष्टि से इन सन्त कवियों का साहित्य, लोक जीवन से जुड़ा हुआ है इसलिए इन कवियों की वाणी ने सिंध के लोक जीवन को बहुत अधिक प्रभावित किया है।

मध्य काल (1853 से 1947 तक)

यह पहले ही बताया जा चुका है कि 1843 में अंग्रज़ों ने सिंध पर अधिकार प्राप्त किया और 1853 में उन्होंने सिंधी भाषा के लिए अरबी लिपि पर आधारित 'अरबी सिंधी लिपि' का निर्माण करवाया। इस प्रकार 1853 से अब तक सिंधी साहित्य एवं सिंधी शिक्षा के लिए मुख्य रुप से अरबी सिंधी लिपि अथवा सिंधी लिपि प्रयुक्त होती रही है।

1853 से 1947 (भारत विभाजन) तक सिंधी साहित्य की एक अखंड धारा है जो देश विभाजन से हिन्दुस्तान एवं पाकिस्तान की दो शाखाओं में बंट जाती है। 1853 स आज तक का समय मध्य काल कहलाता है। यों इस पूरे काल को 'गद्यकाल' एवं 'नवजागरण काल' भी कहा जा सकता है क्योंकि सिंधी साहित्य में गद्य साहित्य का वास्तविक विकास इसी काल में होता है। इस काल को नवजागरण काल कहना इसलिए उचित है क्योंकि इस काल के साहित्य में समाज के नव निर्माण और देश–प्रेम के स्वर मुखरित हुए हैं।

मध्य काल का आरंभ पाठ्य पुस्तकों के निर्माण से होता है। आरंभ के 20–25 वर्षों की अवधि में अनेक विषयों पर पाठय पुस्तकें लिखकर सिंधी वाङ्मय को समृद्ध किया गया। इसके पश्चात् के 20–25 वर्षों का युग मुख्य रुप से अनुवाद का युग है। इस युग में अंग्रेज़ी, फारसी, संस्कृत, हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं की अनेक रचनाओं का सिंधी में अनुवाद किया गया।

इस युग के दो प्रसिद्ध लेखक हैं – कौड़ोमल चंदनमल (1844–1916) एवं मिर्ज़ा कलीच बेग (1853–1929)। कौड़ोमल चंदनमल ने मौलिक रचनाओं के अलावा बंकिम के कथा साहित्य एवं संस्कृत नाटक रत्नावली का सिंधी में अनुवाद किया। कौड़ोमल चंदनमल का एक महत्वपूण

कार्य था सामी के श्लोकों को संग्रहित एवं संशोधित कर छपवाना।

मिर्ज़ा कलीच बेग ने अनेक विषयों पर पुस्तकें लिखीं। इसके सिवाय उन्होंने शेक्सपीयर के कई नाटकों तथा संस्कृत के नाटक 'शकुंतला' का सिंधी में अनुवाद किया। कलीच बेग ने 'दिलाराम' और 'जीनत' जैसें मौलिक उपन्यास भी लिखे। इस युग के दो अन्य प्रसिद्ध लेखक हैं दयाराम गिदूमल एवं परमानंद मेवाराम। दयाराम गिदूमल का गद्य इस युग के अन्य लेखकों से अधिक प्रभावशाली, गंभीर एवं प्रवाहमय है। उनकी साहित्यिक क्षमता का श्रेष्ठ उदाहरण उनके द्वारा लिखा हुआ सामी के श्लोकों का सार है। परमानंद मेवाराम कई वर्षों तक 'जोत' (ज्योति) पत्रिका निकालते रहे। इस पत्रिका के माध्यम से परमानंद मेवाराम ने अनेक विषयों पर सुंदर कथात्मक निबंध लिखे; किन्तु परमानंद मेवाराम का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है – 'अंग्रेज़ी–सिंधी' तथा 'सिंधी–अंग्रेज़ी' कोशों का निर्माण। ये कोश आज भी सिंधी के श्रेष्ठ कोश समझे जाते हैं।

इस काल के अन्य प्रमुख लेखक हैं – लालचंद अमरडिनोमल, जठमल परसराम, भेरुमल महरचंद एवं डा. होतचंद गुरुबक्षाणी।

लालचंद अमरडिनोमल (1885–1954) निबंधकार, उपन्यासकार एवं समीक्षक थे। उनकी रचनाएं 'सदागुलाब' एवं 'चोथि जो चंडु' गीतात्मक गद्य शैली के सुंदर उदाहरण है।

जठमल परसराम (1885–1948) ने व्यक्तिगत अनुभवों के आधार पर अनेक व्यंग्यात्मक कहानियां लिखीं तथा अनेक गंभीर विषयों पर विवेचनात्मक निबंध लिखे।

भेरुमल महरचंद (1876–1950) ने यों तो कविता, कहानी, निबंध आदि साहित्य के अनेक क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है किन्तु उनका महत्वपूर्ण कार्य है सिंधी भाषा एवं सिंधियों के संबंध में किया गया शोध कार्य।

डा. होतचंद गुरुबक्षाणी (1883–1947) सिंधी, फारसी एवं अंग्रेज़ी के विद्वान थे। उन्होंने 'नूरजहां' नाम का ऐतिहासिक उपन्यास लिखने के सिवाय अनेक विषयों पर निबंध लिखे लेकिन उनका कालजयी कार्य है शाह अब्दुल लतीफ के समस्त काव्य का आधुनिक सिद्धांतों के आधार पर संशोधन एवं संपादन कर उन्हें तीन खंडो में प्रकाशित करना (चौथा खंड उनकी मृत्यु के कारण प्रकाशित नहीं हो पाया)।

यह सच है कि इस काल के प्रथम चरण में गद्य साहित्य की विविध विधाओं का विकास हुआ किन्तु यह सोचना गलत होगा कि इस अवधि में काव्य की रचना कम

हुई या उसका कम महत्व है। इस युग में कविता के भी विविध रुप दिखायी पड़ते हैं।

इस युग के आरंभ के कवियों में 'बेदिल' एवं 'बेकस' के नाम प्रसिद्ध हैं जिनकी कविता में मुख्य स्वर सूफी मत का है किन्तु उनके काव्य में सन्त कवियों का प्रभाव भी लक्षित होता है।

इसके पश्चात फारसी की काव्य परंपरा एवं फारसी छंद विधान से प्रभावित श्रृंगार रस की काव्य धारा है। इस धारा के प्रमुख कवि हैं – खलीफो गुल, हसन अली 'हसन' और मीर अब्दुल हुसैन 'सांगी'।

नवजागरण एवं राष्ट्रीय भावना की काव्यधारा के प्रमुख कवि थे – किशनचंद 'बेवस', हूंदराज 'दुखायल', हरी दिलगीर, हैदर बक्ष जतोई आदि।

इस युग के अन्य प्रसिद्ध कवियों में हरुमल सदारंगाणी, लेखराज 'अज़ीज़', नारायण 'श्याम', शेख अयाज़ आदि के नाम लिये जा सकते हैं।

वास्तव में ऐसे लेखकों और कवियों की संख्या काफ़ी ज़्यादा है जो इस युग में साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों में अपना स्थान रखते थे तथा जो आधुनिक काल में भी सृजन कार्य में लगे रहे।

इस प्रकार देखा जाए तो मध्य काल के इन सौ वर्षों में सिंधी साहित्य में गद्य अथवा काव्य का पर्याप्त विकास हुआ।

आधुनिक काल (1947 से आज तक)

1947 में देश का विभाजन होता है जिसके फलस्वरुप सिंधी जाति दो भागों में विभाजित हो जाती है और इसी से सिंधी भाषा एवं साहित्य भी दो शाखाओं में बंट जाते है। सिंधी साहित्य की एक शाखा सिंध (पाकिस्तान) में और दूसरी हिंदुस्तान में विकसित होने लगती है। सीमा के उस पार की साहित्यिक गति–विधियों का प्रामाणिक विवरण उपलब्ध न होने के कारण, यहां केवल भारत में विकसित सिंधी साहित्य का विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है।

भारत की स्वतंत्रता, सिंधी हिंदुओं के लिए अश्रुभरी मुस्कान लेकर आयी। देश स्वतंत्र तो हुआ किन्तु दो हिस्सों में बंट गया और दो हिस्सों में बंट गयी सिंधी जाति। लगभग तेरह लाख सिंधी हिंदू अपनी जन्म भूमि सिंध को छोड़कर भारत में आ गये और बेगानियत का अहसास लिये हुए, रोज़ी–रोटी की तलाश में भारत के कोन–कोने में बिखर गये। देश विभाजन के पश्चात लगभग दो दशकों के सिंधी साहित्य में सिंधियों की इसी आत्म–पीड़ा, भौतिक एवं मानसिक संघर्ष का चित्र मिलना

है। देश विभाजन से कुछ समय पूर्व ही सिंधी साहित्य में प्रगतिवादी विचारधारा की गूंज सुनायी पड़ने लगी थी। देश विभाजन के बाद के साहित्य में इस विचारधारा का स्वर ज़्यादा मुखरित होता है। और इस के साथ एक दूसरी धारा भी अभर आती है, और वह सिंधियत की धारा; जिसमें सिंधी होने और सिंधी संस्कृति से जुड़े रहने की भावना का स्वर है। इस धारा के प्रमुख रचनाकार हैं – सुगन आहूजा, उतम, पोपटी हीरानंदाणी, कीरत बाबाणी, मोहन कल्पना, सुदरी उतमचंदाणी, गोविंद माल्ही, आदि।

1965 के आस–पास सिंधी साहित्य में एक मोड़ आता है। कामू, काफ़्का, सार्त्र आदि के विचारों से सिंधी साहित्य प्रभावित होने लगता है। साहित्य में 'समाज' के स्थान पर 'व्यक्ति' को महत्व दिया जाने लगता है। साहित्य में बाहरी संघर्ष की अपेक्षा व्यक्ति के आंतरिक संघर्ष को अभिव्यक्ति मिलने लगती है। सामाजिक बंधनों से टूटता हुआ व्यक्ति जीने की ललक में, समस्त सामाजिक मान्यताओं और सिद्धांतों को तोड़ता हुआ दिखायी पड़ता है। इस युग में कथ्य के साथ, साहित्य की विभिन विधाओं के शिल्प में भी आमूल परिर्वतन होने लगता है। इन परिर्वतनों के फलस्वरुप सिंधी साहित्य में 'नयी कविता' 'अ–कविता', 'उलट कविता', 'अ–अपन्यास', 'अ–नाटक' जैसी प्रवृतियों उभर आती हैं। सिंधी साहित्य में समीक्षा का रुप भी बदलता है। नयी समीक्षा में रचना को रचना के संदर्भ में विवेचित करने का प्रयास किया जाता है। इस प्रकार की प्रवृति को साहित्य में 'अरधुनिकता' का नाम दिया गया है। लगभग दो दशकों तक आधुनिकता की प्रवृति का उफान रहता है। फिर वह थमने लगती है और सिंधी साहित्य में सहजता आने लगती है।

सिंधी साहित्य के पिछले चार दशकों के प्रमुख रचनाकार हैं – मोहन कल्पना, गुनो सामताणी, लाल पुष्प, कृष्ण खटवाणी, मोती प्रकाश, कला प्रकाश, तारा मीरचंदाणी कृष्ण राही, हरीश वासवाणी, इंद्रा वासवाणी, आनंद खेमाणी, श्याम जयसिंघाणी, लखमी खिलाणी, परम अबीचंदाणी, वासुदेव मोही, ईश्वरचन्द्र, प्रेम प्रकाश, एम.कमल, हरीकांत, हीरो शेवकाणी, हीरो ठकुर सतीश रोहरा, हरी हिमथाणी, ढोलण राही, विमी सदारंगाणी, श्रीकांत सदफ़, रश्मि रामाणी आदि।

इस प्रकार देखा जाए तो स्वतंत्रता के पश्चात, इन छह दशकों की अवधि के अंतर्गत, भारत में सिंधी साहित्य की अभूतपूर्व उनति हुई है। अतः आधुनिक सिंधी साहित्य मात्रा अथवा गुणवता की दृष्टि से अन्य किसी भी भारतीय भाषा के साहित्य के सम्मुख खड़ा हो सकता है।

सतीश रोहरा



Map of Sindh - Showing Sindh Districts (Produced for Sindhi Association of UK)

पाठ 1

मेहमान

किशन : आओ, मोहन, आओ। मेरे परिवार वालों से मिलो। यह मेरी पत्नी है। यह मेरी मां हैं। उधर देखो, वे मेरे पिताजी हैं । यह मेरी बहन है।

मोहन : क्या तुम्हारा कोई भाई नहीं है ?

किशन : हां, मेरा एक भाई भी है, वह यहां नहीं है; इस समय वह मुंबई में है।

मोहन : और बच्चे ?

किशन : नहीं, मुझे अभी कोई बच्चा नहीं है। चलो, अब कुछ खाएं–पीएं, छोले भठूरे तैयार हैं।

मोहन : नहीं मुझे कल से थोड़ा बुख़ार है। अब तुम मुझे छुट्टी दो।

किशन : अच्छा, तुम ठीक नहीं हो! ठीक है,

सबकु 1

मिज़मानु

किशनु : अचु, मोहन, अचु। मुंहिंजे घर जे भात्युनि सां मिलु। हीअ मुंहिंजी ज़ाल आहे। हीअ मुंहिंजी माउ आहे। होडांहुं डिसु, हू मुंहिंजो पीउ आहे। हीअ मुंहिंजी भेण आहे।

मोहनु : छा, तोखे कोई भाउ कोन आहे ?

किशनु : हा, मूं खे हिकु भाउ बि आहे, उहो हिते कोन आहे। हिन वक्ति उहो मुंबईअ में आहे।

मोहनु : ऐं बार?

किशनु : न मूं खे अञां कोई बारु कोन आहे। हलु, हाणे, कुझु खाऊं पीऊं, छोला भठूरा त्यारु आहिनि।

मोहनु : न, मूं खे कल्ह खां थोरो बुख़ारु आहे। तूं हाणे, मूं खे मोकल ड।

किशनु : अछा, तूं ठीकु कोन आहीं ! चङो,

سَبَقُ ١

مِزمانُ

ڪشنُ : اَچُ، موهَنَ، اَچُ. مُنهِنجي گهرَجي ڀاتيُنِ سان مِلُ. هيءَ مُنهِنجي زالَ آهي. هيءَ مُنهِنجي ماءُ آهي. هوڏانهُن ڏِسُ، هوُ مُنهِنجو پيءُ آهي.هيءَ مُنهِنجي ڀيڻَ آهي.

موهنُ : ڇاتوکي ڪوئي ڀاءُ ڪونهَ آهي ؟

ڪشنُ : ها، مون کي هِڪُ ڀاءُ بِ آهي. اُهو هِتي ڪونهَ آهي. هِنَ وَقتِ هوُ مُمبَئيءَ ۾ آهي.

موهنُ : ۽ ٻارَ ؟

ڪشنُ : نَه، مون کي اَڃا ڪوئي ٻارُ ڪونهَ آهي. هَلُ، هاڻي ڪُجهه کائون پيئون. ڇولا ڀَٽورا تيارُ آهِنِ.

موهنُ : نَه، مون کي ڪَلهه کان ٿورو بُخارُ آهي. تون هاڻي مون کي موڪلَ ڏي.

ڪشنُ : اَڇا، تون ٺيڪُ ڪونهَ آهين ؟ چڱو،

तुम सिर्फ़ चाय या काफ़ी लो। मैं तो छोले भठूरों का शौक़ीन हूं।

मोहन : हां, हां! तुम भले ही खाओ।

तूं सिर्फ़ चांहि या काफ़ी पीउ। मां त छोलनि भठूरनि जो शौक़ीनु आहयां।

मोहनु : हा, हा! तूं भली खाउ।

تُون صِرف چانھِ يا ڪافي پيءُ. مان تَہ چولنِ ڀَٽُوُرَنِ جو شَوقِينُ آهيان.

موهنُ : ها، ها! تُون، ڀَلي کاءُ.

शब्दार्थ

हिन्दी	देवनागरी	سِنڌي
मुझे	मूं खे	مونٌ کي
एक	हिकु	هِڪُ
भी	बि	بِہ
वह	उहो	اُهو
यहां	हिते	هِتي
इस	हिन	هِنَ
समय	वक़्ति	وَقِت
में	में	۾
बच्चा	बारु	ٻارُ
और	ऐं	۽

शब्दार्थ

हिन्दी	देवनागरी	سِنڌي
देख, देखो	डिसु	ڏِسُ
वह(पु.)	हू	هوُ
पिता	पीउ	پيءُ
बहन	भेण	ڀيڻ
तुझे, तुम्हें	तोखे	توکي
कोई	कोई	ڪوئِي
भाई	भाउ	ڀاءُ
नहीं	कोन	ڪونَہ
क्या	छा	ڇا
हां	हा	ها

शब्दार्थ

हिन्दी	देवनागरी	سِنڌي
आ, आओ	अचु	اَچُ
मेरा	मुंहिंजो	مُنهِنجو
घर के सदस्यों	घर जे भात्युनि	گهَر جي ڀاتيُنِ
से	सां	سان
मिल, मिलो	मिलु	مِلُ
यह (स्त्री)	हीअ	هِيءَ
पत्नी	ज़ाल	زالَ
है	आहे	آهي
मां	माउ	ماءُ
वहां	होडांहुं	هوڏانهُن

शब्दार्थ

हिन्दी	देवनागरी	सिन्धी
सिर्फ़	सिर्फ़	صِرف
चाय	चांहि	چانهِ
मैं	मां	مان
फ़िर	पोइ	پوءِ
भले ही	भली	ڀَلي
शौक़ीन	शौक़ीनु	شوقِينُ
परिवार का सदस्य	भाती	ڀاتِي

शब्दार्थ

हिन्दी	देवनागरी	सिन्धी
से	खां	کان
बुख़ार	बुख़ारु	بُخارُ
थोड़ा	थोरा	ٿورو
तू, तुम	तूं	تُون
अब	हाणे	هاڻي
छुट्टी	मोकल	موڪَل
दे,दो	ड॒	ڏي
अच्छा	अछा	اَڇا
हो	आहीं	آهين
अच्छा	चङो	چَڱو

शब्दार्थ

हिन्दी	देवनागरी	सिन्धी
नहीं	न	نَ
अभी	अञा	اَڃا
चल	हलु	هَلُ
अब	हाणे	هاڻي
कुछ	कुझु	ڪُجُهه
खाएं	खाऊं	کائُون
पीएं	पीऊं	پيئُون
छोले भठूरे	छोला भठूरा	ڇولا ڀَٽورا
तैयार	त्यारु	تيارُ
कल	कल्ह	ڪَلهَ

1.	निम्नलिखित वाक्य पढ़कर अभ्यास कीजिए।	
1.	अचु, मोहन, अचु।	١.اَچُ، موهَن، اَچُ.
2.	मुंहिंजे घर जे भात्युनि सां मिलु।	٢.مُنهِنجي گهرَ جي ڀاتيُنِ سان مِلُ.
3.	तूं हाणे मूं खे मोकल ड॒।	٣.توُن هاڻي موُن کي موڪَلَ ڏي.
4.	चङो तूं सिर्फ़ चांहि या काफ़ी पीउ।	٤.چڱو، توُن صِرف چانهِه يا ڪافِي پِيءُ.
5.	हीअ मुंहिंजी ज़ाल आहे।	٥.هيءَ مُنهِنجي زالَ آهي.
6.	हीअ मुंहिंजी भेण आहे।	٦.هيءَ مُنهِنجي ڀيڻ آهي.
7.	हा, मूं खे हिकु भाउ बि आहे।	٧.ها، موُن کي هِڪُ ڀاءُ بِه آهي.
8.	छोला भठूरा त्यारु आहिनि।	٨. چولا ڀَٽوُرا تيارُ آهِنِ.
9.	मां त छोलनि भठूरनि जो शौक़ीनु आहयां।	٩.مان تَہ چولَنِ ڀَٽوُرِن جو شَوقينُ آهيان.
10.	हू हिते कोन आहे।	١٠. هوُ هِتي ڪونَہ آهي.
11.	छा,तोखे अञा कोई ब॒ारु कोन आहे?	١١. ڇا! توکي اَڃا ڪوئِي ٻارُ ڪو نَہ آهي؟
12.	न,मूं खे अञा कोई ब॒ारु कोन आहे।	نَہ، موُن کي اَڃا ڪوئِي ٻارُ ڪونَہ آهي
13.	अछा, तूं ठीकु कोन आहीं!	١٤. اَڇا، توُن ٺيڪُ ڪو نَہ آهين !

2. रेखांकित शब्दों के स्थान पर कोष्ठक मे दिए हुए शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य फिर से लिखिए।

I	(किशन, भाउ, भेण)	I (ڪِشن، ڀاءُ، ڀيڻ)
1.	तूं घर जे भात्युनि सां मिलु।	١. توُن گهرَجي ڀاتيُنِ سان مِلُ.
2.	मां घर जे भात्युनि सां मिलां।	٢. مان گهرَجي ڀاتيُنِ سان مِلان.
3.	हू घर जे भात्युनि सां मिले।	٣. هوُ گهرَجي ڀاتيُنِ سان مِلي.
4.	तव्हीं घर जे भात्युनि सां मिलो।	٤. توهين گهرَ جي ڀاتيُنِ سان مِلو.
5.	असीं घर जे भात्युनि सां मिलूं।	٥. اَسين گهرَ جي ڀاتيُنِ سان مِلوُن.
6.	हू घर जे भात्युनि सां मिलनि।	٦. هوُ گهرَجي ڀاتيُنِ سان مِلَنِ.
II	(ब॒ारु, ठीकु, बीमारु)	II. (ٻارُ،نيڪُ،بيمارُ)
1.	मां शौक़ीनु आहयां।	١. مان شوَقينُ آهيان.
2.	तूं शौक़ीनु आहीं।	٢. توُن شوَقينُ آهين.
3.	हू शौक़ीनु आहे।	٣. هوُ شوَقينُ آهي.

3. रेखांकित शब्दों के स्थान पर कोष्ठक मे दिए हुए शब्दों का प्रयोग करत हुए वाक्य बनाइए।

1.	हीउ मुंहिंजा बारु आहे।	١. هيءُ مُنهِنجو ٻارُ آهي.
	(तुंहिंजो)	(تُنهِنجو)
2.	हीअ तुंहिंजी भेण आहे।	٢. هيءَ تُنهِنجي ڀيڻ آهي.
	(मुंहिंजी)	(مُنهِنجي)
3.	हू मुंहिंजा पीउ आहे।	٣. هو مُنهِنجو پيءُ آهي.
	(हुन जो)	(هُنَ جو)
4.	हूअ तुंहिंजी माउ आहे।	٤. هوءَ تُنهِنجي ماءُ آهي.
	(हुन जी)	(هُنَ جي)

4. निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए और समझिए।

1.	मां शौक़ीनु आहयां।	١. مان شوَقينُ آهيان.
2.	मां शौक़ीनु कोन आहयां।	٢. مان شوَقينُ ڪونَہ آهيان.
3.	छा, मां शौक़ीनु आहयां ?	٣. ڇا،مان شوَقينُ آهيان؟
4.	हा, मां शौक़ीनु आहयां।	٤. ها،مان شوَقينُ آهيان.
5.	न, मां शौक़ीनु कोन आहयां।	٥. نہ، مان شوَقينُ ڪونَہ آهيان.
6.	अछा, मां शौक़ीनु आहयां ?	٦. اَڇا، مان شوَقينُ آهيان؟

5. उदाहरण के अनुसार निम्नलिखित वाक्यों के प्रश्नवाचक और नकारात्मक वाक्य बनाइए।

	मिसालु : हू बीमारु आहे।	مِثالُ : هوُ بيمارُ آهي.
	छा, हू बीमारु आहे ?	ڇا، هوُ بيمارُ آهي ؟
	न, हू बीमारु कोन आहे।	نہ، هوُ بيمارُ ڪونہ آهي.
1.	हुन खे भेण आहे।	١. هُنَ کي ڀيڻَ آهي.
2.	हुन जो भाउ मुंबईअ में आहे।	٢. هُنَ جو ڀاءُ مُمبئيءَ ۾ آهي.
3.	हू ठीकु आहे।	٣. هوُ نيڪُ آهي.
4.	छोला भठूरा त्यारु आहिनि।	٤. ڇولا ڀَٽوُرا تيار آهِن.
5.	हू चांहि जो शौकीनु आहे।	٥. هوُ چانهِہ جو شوَقينُ آهي.

6. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए।

1.	हीउ मुंहिंजो भाउ आहे।	١. هيءُ مُنهِنجو ڀاءُ آهي.
2.	छा, हूअ तुंहिंजी ज़ाल आहे ?	٢. ڇا هوءَ تُنهِنجي زالَ آهي؟
3.	न, हू हुन जो पीउ को न आहे।	٣. نہ،هوُ هُنَ جو پيءُ ڪونَہ آهي
4.	हलु, छोला भठूरा खाऊं।	٤. هَلُ، ڇولا ڀَٽوُرا کائون.
5.	छा, मां काफ़ी पीआं ?	٥. ڇا، مان ڪافي پيئان؟

3. छोला भठूरा त्यारु आहिनि। ٣. چولا ڀَٽورا تيار آهِن.

छोले भठूरे तैयार हैं।

4. मां त छोलनि भटूरनि जो शौक़ीनु आहयां। ٤. مان تہ چولنُ ڀَٽورنِ جو شَوقينُ آهيان.

मैं तो छोले भठूरें का शौक़ीन हूं।

5. अछा, तूं ठीकु को न आही ? ٥. اَڇا، توُن ٺيڪُ ڪونہ آهين ؟

अच्छा, तुम ठीक नहीं हो ?

यहाँ 'आहे', 'आहिनि', 'आहयां', 'आहीं' योजक किया 'आहे' के विभिन्न रूप हैं। विभिन्न रूपों में योजक किया आहे की संरचना देखिए।

	एकवचन		बहुवचन	
प्र.पु	मां आहयां मैं हूं	مان آهيان.	असीं आहयूं हम हैं	اَسين آهيوُن
द्वि.पु	तूं आहीं तू है, तुम हो	توُن آهِين	तव्हीं आहयो आप हैं	تَوهِين آهيو
तृ.पु	हू/हूअ आहे वह है	هوُ-هوءَ آهي	हू आहिनि वे हैं	هوُ آهِن

टिप्पणियां

1. **निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों पर ध्यान दीजिए।**

1. अचु, मोहन अचु। ١. اَچُ، موهَن اَچُ.

2. मुंहिंजे घर जे भात्युनि सां मिल। ٢. مُنهِنجي گهرَ جي ڀاتيُنِ سان مِلُ.

इनमें 'अचु' और 'मिलु' किया रूपों से आज्ञा या प्रार्थना का भाव प्रकट होता है इनका प्रयोग देखें।

एकवचन		बहुवचन	
तूं अचु	توُن اَچُ	तव्हीं अचो	تَوهِين اَچو
तूं मिलु	توُن مِلُ	तव्हीं मिलो	تَوهِين مِلو

2. **निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों पर ध्यान दीजिए।**

1. हीअ मुंहिंजी ज़ाल आह। ١. هيءَ مُنهِنجي زالَ آهي.

यह मेरी पत्नी हैं।

2. हू मुंहिंजो पीउ आह । ٢. هوُ مُنهِنجو پيءُ آهي.

वे मेरे पिताजी हैं।

3. **निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों पर ध्यान दीजिए।**

हलु! हाणे कुझु खाऊं – पीऊं. هلُ، هاڻي ڪُجهه کائُون پيئُون.

चलो! अब कुछ खाएं – पीएं

यहां 'खाऊं – पीऊं' किया का प्रयोग अनुमति बोधक है। ऐसे किया–रूपों का प्रयोग जब प्रथम पुरुष के साथ होता है, तब अनुमति लेने का भाव प्रकट होता है और जब तृतीय पुरुष के साथ होता है तब अनुमति देने का भाव प्रकट होता है। नीचे दी गई संरचनाओं की ओर ध्यान दीजिए।

	एकवचन		**बहुवचन**	
प्र.पु	मां खां	مان کان	असीं खाऊं	اَسين کائون
	मैं खाऊं		हम खाएं	
तृ.पु	हू/हूअ खाए	هوُ \ هوُءَ کائي	हू खाइनि	هوُ کائِن
	वह खाए		वे खाएं	

4. **इस पाठ में निम्नलिखित सर्वनामों का प्रयोग हुआ है।**

1.	हीअ	هيءَ	यह (स्त्री)
2.	हू	هوُ	वह(पु.)
3.	उहो	اُهو	वह ही
4.	तूं	توُن	तू, तुम
5.	मां	مان	मैं

सर्वनाम के रूपों में परिवर्तन का ढाँचा देखिए।

	एकवचन		*बहुवचन*	
प्र.पु	मां	مان	असीं	اَسين
	मैं		हम	
द्वि.पु	तूं	توُن	तव्हीं	تَوهِين
	तू, तुम		आप	
तृ.पु	हीउ, इहो	هيءُ، اِهو	ही, इहे	هي، اِهي
	यह (स्त्री. पु)		ये(स्त्री, पु.)	
	हीअ (स्त्री)	هيءَ	ही	هي
	यह		ये	
	इहा (स्त्री)	اِها	इहे	اِهي
	यह(स्त्री)		ये(स्त्री, पु.)	
	केरु (पु)	ڪيرُ	केरु	ڪيرُ
	कौन (पु)		कौन	
	केर (स्त्री)	ڪيرَ	केरु (स्त्री)	ڪيرُ
	कौन (स्त्री)		कौन (स्त्री)	

	कौन(स्त्री)		कौन(स्त्री)	
	जो	جو	जे	جي
	जो(पु.)		वे	
	जेको	جيڪو	जेके	جيڪي
	जो कोई		जो कोई(स्त्री, पु.)	
	जा, जेका	جا، جيڪا	जे	جي
	जो(स्त्री)		जो (स्त्री, पु.)	

5. **संज्ञा और सर्वनाम के साथ 'जो', 'जा', 'जी', 'जूं', 'जे' में 'खे', 'खां', 'सां' आदि जुड़ने पर संज्ञा और सर्वनाम के रूप बदल जाते हैं। निम्नलिखित दिए गए रूपों को समझिए।**

1.	रामु	رامُ	राम	رامَ
	राम		राम(सामान्य रूप)	
	राम जो	رامَ جو	राम जी	رامَ جي
	राम का		राम की	
	राम जो	رامَ جو	राम जूं	رامَ جوُن
	राम की		राम की(स्त्री – बहु)	
	राम में	رامَ ۾	राम खे	رامَ کي
	राम में		राम को	
	राम सां	رامَ سان	राम खां	رامَ کان
	राम के साथ		राम से	
2.	छोकरो	ڇوڪرو	छोकरे	ڇوڪري
	लड़का		लड़के	
	छोकरा	ڇوڪرا	छोकरनि	ڇوڪرَنِ
	लड़के		लड़कों	
3.	छोकरी	ڇوڪرِي	छोकरीअ	ڇوڪريءَ
	लड़की		लड़की	
	छोकर्यूं	ڇوڪرِيوُن	छोकर्युनि	ڇوڪريُنِ
	लड़कीयां		लड़कीयों	
4.	पुटु	پُٽُ	पुट	پُٽَ
	बेटा		बेटे	
	पुट	پُٽَ	पुटनि	پُٽنِ
	बेटे		बेटों	
5.	पीउ	پيءُ	पीउ	پيءُ
	पिता		पिता	
	पीअर	پيئَرَ	पीअरुनि	پيئَرُنِ
	पिता		पिताओं	

6.	भेणु	ڀيڻُ	भेण	ڀيڻَ
	बहन		बहन	
	भेनरूं	ڀينرُ \ ڀينروُن	भेनरुनि	ڀينرُنِ
	बहनें		बहनों	

सर्वनामों में परिर्वतन का ढांचा देखिए। इनमें भी संज्ञा की तरह 'में', 'खे' आदि जोड़ने से परिर्वतन आता है।

1.	मां	مان	मूं	مون
	मैं		मुझ	
	मूं खे	مون کي	मूं में	مون ۾
	मुझे		मुझ में	
2.	तूं	تون	तो	تو
	तू, तुम		तुझ	
	तोखे	توکي	तोमे	تو۾
	तुमको		तुझ में	
3.	हू/हूअ	هوُ هوءَ	हुन	هُنَ
	वह		उस	
	हुन खे	هُن کي	हुन में	هنَ ۾
	उसको		उसमे	
4.	असीं	اَسين	असां	اَسان
	हम		हम	
	असांखे	اَسان کي	असां में	اَسان ۾
	हमको		हम में	
5.	तव्हीं	تَوهين	तव्हां	تَوهان
	आप		आप	
	तव्हांखे	تَوهان کي	तव्हां में	تَوهان ۾
	आपको		आप में	
6.	हू	هوُ	हुननि	هُننِ
	वे		उन	
	हुननि खे	هُننِ کي	हुननि में	هُننِ ۾
	उनको		उन में	
7.	जो	جو	जंहिं	جَنهِن
	जो		जिस	
	जंहिं खे	جَنهِن کي	जहिं में	جَنهِن ۾
	जिसको		जिस में	
8.	केरु	ڪيرُ	कंहिं	ڪَنهِن
	कौन		किस	
	कंहिं खे	ڪَنهِن کي	कंहिं में	ڪَنهِن ۾
	किसको		किस में	

9. जो का प्रयोग देखें।

1.	मूं	مون	मुंहिंजो	مُنهنجو
	मैं		मेरा	
	मुंहिंजी	مُنهنجي	मुंहिंजा	مُنهنجا
	मेरी		मेरे	
	मुंहिंजूं	مُنهنجوُن	मुंहिंजा	مُنهنجا
	मेरी		मेरे	
	मुंहिंजनि	مُنهنجن	मुंहिंज्युनि	مُنهنجيُن
	मेरे		मेरी	
2.	तो	تو	तुंहिंजो	تُنهنجو
	तुम		तेरा, तुम्हारा	
	तुंहिंजी	تُنهنجي	तुंहिंजा	تُنهنجا
	तेरी, तुम्हारी		तुम्हारे	
	तुंहिंजनि	تُنهنجن	तुंहिंज्युनि	تُنهنجيُن
	तेरे, तुम्हारे		तेरी, तुम्हारी	

जब 'मूं' और 'तो' के साथ जो जुड़ता है तब उनका रूप कमशः 'मुंहिं' और 'तुहिं' में बदल जाता है। शेष सर्वनामों जैसे 'हुन', हिन', 'असां' आदि का रूप नहीं बदलता।

6. संख्याओं और उनके विभिन्न रूपों को देखें।

1.	हिकु	هِڪُ	हिक में	هِڪ ۾
	एक		एक में	
2.	ॿ	ٻہ	ॿिनि में	ٻِن ۾
	दो		दो में	
3.	टे	[illegible]	टिनि में	ٽِن ۾
	तीन		तीन में	
4.	चारि	چارِ	चइनि में	چَئِن ۾
	चार		चार में	
5.	पंज	پَنج	पंजनि में	پَنجَن ۾
	पांच		पांच में	
6.	छह	ڇَهہ	छहनि में	ڇهِن ۾
	छः		छह में	
7.	सत	سَت	सतनि में	سَتَن ۾
	सात		सात में	
8.	अठ	اَٺ	अठनि में	اَٺِن ۾
	आठ		आठ में	
9.	नव	نَوَ	नवनि में	نَوَن ۾
	नौ		नौ में	
10.	ॾह	ڏَهہ	ॾहनि में	ڏَهِن ۾
	दस		दस में	

1. पाठ के आधार पर प्रश्नों के उतर दीजिए।

1. किशन खे केतरा भाउर आहिनि ?	١. ڪِشن کي ڪيتِرا ڀائُر آهِنِ ؟
2. किशन जो मिज़मानु केरु आहे ?	٢. ڪِشن جو مِزمانُ ڪيرُ آهي ؟
3. किशन खे केतर्यूं भेनरु आहिनि ?	٣. ڪِشَن کي ڪيتريوُن ڀينَرُ آهِنِ ؟
4. किशन जो भाउ किथे आहे ?	٤. ڪِشَن جو ڀاءُ ڪِٿي آهي ؟
5. बुख़ार कंहिं खे आहे ?	٥. بُخارُ ڪَنهِن کي آهي ؟
6. छोलनि भठूरनि जो शौक़ीनु केरु आहे ?	٦. ڇولَنِ ڀَٺوُرنِ جو شوَقينِ ڪيرُ آهي ؟

2. कोष्ठक में दिए हुए शब्दों की सहायता से उदाहरण के अनुसार वाक्य बनाइए।

(अचु, खाउ, पीउ, ड॒, मिलु, हलु)

(اَچُ، کاءُ، پيءُ، ڏي، مِلُ، هَلُ)

मिसालु : **अचु,** गोपाल! अचु।

مِثالُ : **اَچُ**، گوپال! اَچُ.

1. ______________________________

2. ______________________________

3. ______________________________

4. ______________________________

5. ______________________________

۱. ------------------------------

۲. ------------------------------

۳. ------------------------------

۴. ------------------------------

۵. ------------------------------

3. कोष्ठक में से उचित शब्द चुनकर वाक्य पूर्ति कीजिए।

(मिलां, मिलनि, मिलो, मिलूं, मिलु)

(مِلان، مِلنِ، مِلو، مِلوُن، مِلُ)

1. तूं मुंहिंजे भाउ सां ———।
2. मां तुंहिंजे भाउ सां ———।

۱. توُن مُنهِنجي ڀاءُ سان ----------.

۲. مان تُنهِنجي ڀاءُ سان ---------.

3. असीं तुंहिंजे भाउ सां ———।	٣. اَسِين تُنهِنجي ڀاءُ سان --------.
4. तव्हीं मुंहिंजे भाउ सां ———।	۴. تَوهِين مُنهِنجي ڀاءُ سان -------.
5. हू तव्हां जे भाउ सां ————।	۵. هوُ تَوهان جي ڀاءُ سان ---------.

4. कोष्ठक में से उचित शब्द चुनकर वाक्य पूर्ति कीजिए।

